डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लि.
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम
Dedicated Freight Corridor Corporation of India Limited
A Govt. of India (Ministry of Railways) Enterprise

**सं. 2021/HQ/Admin/RTI-571** **नई दिल्ली, दिनांक : 07.09.2021**

**श्रीमती सुमनलता**
**पत्नी श्री सतीश चन्द्र शर्मा**
**निवासी- बाघई प्रथम**
**तहसील व थाना - टूंडला**
**जिला - फिरोजाबाद**
**उत्तर प्रदेश -283203**
**मो.-8445665372**

**विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम- 2005 के अंतर्गत प्राप्त श्रीमती सुमनलता के प्रथम अपील आवेदन का निस्तारण।**

संदर्भ: 1. सूचना का अधिकार अधिनियम- 2005 के अंतर्गत प्राप्त श्रीमती सुमनलता का आवेदन दिनांक 03.03.2021, जो उत्तर रेलवे के कार्यालय से स्थानांतरित होकर जन सूचना अधिकारी /DFCCIL के कार्यालय में दिनांक 09.07.2021 को प्राप्त हुआ।

2. जन सूचना अधिकारी /DFCCIL के द्वारा इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 26.07.2021 के साथ आवेदक को उपलब्ध कराई गई सूचना ।

3. प्रथम अपील आवेदन पत्र दिनांक 07.08.2021, जो DFCCIL के कार्यालय में दिनांक 10.08.2021 को प्राप्त हुआ।

सूचना का अधिकार अधिनियम- 2005 के अंतर्गत प्राप्त आपका आवेदन दिनांक 03.03.2021, जो उत्तर रेलवे के कार्यालय से स्थानांतरित होकर जन सूचना अधिकारी /DFCCIL के कार्यालय में दिनांक 09.07.2021 को प्राप्त हुआ (संदर्भ-1), के द्वारा मांगी गई सूचना, इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 26.07.2021 (संदर्भ-2) के साथ उपलब्ध कराई गई। आपने प्रथम अपील आवेदन के द्वारा दी गई सूचना भ्रामक बताते हुए, सही सूचना देने हेतु लिखा है।

इसे संबंधित कार्यालय से पुनः जाँच कराई गई, एवं यह पाया गया कि उपलब्ध कराई गई सूचना, संबंधित कार्यालय में उपलब्ध अभिलेख एवं सूचना का अधिकार अधिनियम- 2005 के तहत सही है। हालाँकि, इस संबंध में संबंधित कार्यालय से कुछ अतिरिक्त सूचना प्राप्त हुई है, जिसे आपको इस पत्र के साथ भेजा जा रहा है। साथ ही आपके द्वारा प्रेषित 300/- रु (100 रु x3=300/-रु) का भारतीय पोस्टल आर्डर (सं.50H- 032653, 54 & 55), मूल रूप से आपको वापस भेज रहे हैं/ इनकी कोई आवश्यकता नहीं है।

आशा है कि आप स्थिति से सहमत होंगे।

संलग्नक: यथोक्त।

8/9/21

**(आर. पी. छिब्बर)**
**समूह महाप्रबंधक /प्रशासन**
**(अपीलीय प्राधिकारी)**

डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड
(रेल मंत्रालय का उपक्रम)
DEDICATED FREIGHT CORRIDOR CORPORATION OF INDIA LIMITED
(AN UNDERTAKING OF MINISTRY OF RAILWAYS)
डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

TDL/EN/RTI/212(A) Dated: 14.08.2021

सेवा में,

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक / मनाव संसाधन
डी0एफ0सी0सी0आई0एल0
टूण्डला / आगरा।

विषयः–प्रथम अपील (द्वितीय प्रति) श्रीमती सुमनलता के द्वारा जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अर्न्तगत मॉगी गई जानकारी के सम्बंध में।
सन्दर्भः–एच0क्यू0 / एडमिन / आर0टी0आई0–571 / नई दिल्ली दिनांक 11.08.2021।

महोदय,

उपर्युक्त सन्दर्भित विषय में आपको अवगत करना है कि डेडीकेटेड फ्रेट कारीडोर रेल परियोजना द्वारा जिला फिरोजाबाद तहसील टूण्डला के ग्राम रूधऊ मुस्तकिल के गाटा संख्या 785 कुल भूमि रकवा 2.1380 हे0 में से रेल परियोजना के निर्माण हेतु अर्जित भूमि रकवा 0.6520 हे0 का अधिग्रहण किया गया है, जिसकी धारा 20ई0 के गजट नोटिफिकेशन की छायाप्रति संलग्न है, परियोजना द्वारा उपरोक्त स्थल पर 0.6520 हे0 भूमि पर भौतिक कब्जा प्राप्त किया गया है। जिसमे सभी प्रभावित भू–स्वामियो को तहसील द्वारा प्राप्त सामूहिक हिस्साकसी के आधार पर भूमि के सम्पूर्ण प्रतिकर भुगतान की कार्यवाही भी लगभग 06 वर्ष पूर्व पूर्ण की जा चुकी है। वर्तमान में उक्त गाटें में किसी प्रकार के प्रतिकर की धनराशि भुगतान हेतु कोई दावा शेष नही है।

प्रार्थी द्वारा अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 07.08.2021 में यह कहा गया है कि गाटा सं 785 में प्रथम बार में 200 मीटर लम्बाई एवं 44 मीटर चौडाई मे रकवा–0.8800 हे0 भूमि एवं द्वितीय बार में 60 मीटर लम्बाई एवं 24 मीटर चौडाई में रकवा 0.1440 हे0 भूमि इस प्रकार कुल भूमि रकवा 1.0240 हे0 भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही की गई है, जिसमे से 0.6520 हे0 भूमि के प्रतिकर का भुगतान किया गया है, शेष 0.3720 हे0 का प्रतिकर का भुगतान अभी तक नही दिया है।

***जिसके सम्बंध में आपको अवगत कराया जाना है कि गाटा सं 785 में 0.6520 हे0 भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही एक बार में ही की गई है। प्रार्थी द्वारा पूर्व में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर यह जानकारी चाही गई थी, कि उक्त गाटा सं 785 में कितने मीटर चौडाई एवं लम्बाई में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही की गई है। न की उक्त गाटा संख्या–785 के अर्जित क्षेत्रफल की जानकारी चाही गई थी, उक्त विषयक आपको यह भी अवगत कराया जाना है कि गाटा सं 785 नक्शे में भूमि के अधिग्रहण समलम्बकार में किया गया है। नक्शे छायाप्रति इस पत्र के साथ आपके अवलोकनार्थ संलग्न है।***

अतः प्रार्थी द्वारा इस कार्यालय द्वारा चाही गई जानकारी आपके समक्ष आवेदन के निस्तारण कराये जाने हेतु प्रेषित है।

धन्यवाद।


14/08/2021

(एस0के0 महिन्ती)
उप परियोजना प्रबंधक / सिविल
डी0एफ0सी0सी0आई0एल0
टूण्डला / आगरा।

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 335 | निजी | कृषि | 0.1140 | मूलचन्द पुत्र गंगासहाय, हरिविलास, कालीचरन, भूरी सिंह पुत्रगण चम्पाराम, गैंदालाल पुत्र शोभाराम, लालाराम, दौजीराम पुत्रगण धाराजीत, श्रीमती पत्नी धाराजीत, श्रीमती राजवती पत्नी अरव सिंह, रघुवीर सिंह, रामबाबू, भूरी सिंह, सुखराम पुत्रगण जौहरी, श्रीमती कलावती पत्नी जौहरी |
| | | | 336 | निजी | कृषि | 0.3400 | बृजमोहन, बच्चू सिंह पुत्रगण पूरन सिंह |
| | | | 334 | निजी | कृषि | 0.4880 | करन सिंह, डोरीलाल पुत्रगण पूरन सिंह, जोती पुत्र श्यामलाल, रहीशपाल, पप्पू, रामवीर पुत्रगण छोटेलाल, मवासीलाल पुत्र हरपाल, श्रीमती महारानी पत्नी हरपाल, हाकिम सिंह पुत्र मुरली |
| | | (4) [illegible] गुलाठिया | 756 | निजी | गैरकृषि | 0.5200 | श्रीमती महारानी पत्नी रामभरोसी, श्रीमती प्रेमवती पत्नी नेमसिंह |
| | | | 760 | निजी | कृषि | 0.7800 | राज नरायन, राम नरायन पुत्रगण वेद सिंह |
| | | | 762 | निजी | कृषि | 0.8200 | इन्द्रल सिंह, उमेशचन्द, हाकिम सिंह पुत्रगण रामवीर सिंह, राजवती पत्नी स्व0 रामवीर सिंह, उदयवीर सिंह पुत्र नजोरीलाल, सूरजपाल पुत्र हेत सिंह |
| | | | 785 | निजी | कृषि | 0.6520 | श्रीमती सुशीला देवी पत्नी वासदेव, केशवदेव, ओम प्रकाश, धन प्रसाद, अशोक बाबू, सतीशचन्द पुत्रगण जानुकी प्रसाद, श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी केशव देव |
| | | | 184 | निजी | कृषि | 0.4620 | श्री ठाकुर रामचन्द जी महाराज विराजमान मन्दिर सरवराही बाबा शान्तीदास |
| | | | 757 | निजी | कृषि | 0.5200 | जगजीत पुत्र खूबीराम, रामनिवास, रामप्रकाश, भगवान स्वरूप, अनिल कुमार, ओम प्रकाश पुत्रगण रामभरोसी |
| | | | 758 | निजी | कृषि | 0.0520 | कालीचरन, चन्द्रप्रकाश पुत्रगण रामचरन |
| | | | 452 | निजी | कृषि | 0.4280 | राजेन्द्र सिंह, महावीर सिंह पुत्रगण श्यामलाल |
| | | | 459 | निजी | कृषि | 1.0200 | निहाल सिंह, कल्यान सिंह, हुकम सिंह, रामसनेही पुत्रगण मोतीराम, पंमोद सिंह, कमल सिंह, फुलवारी सिंह, दलवीर सिंह पुत्रगण खेतपाल सिंह |
| | | | 458 | निजी | कृषि | 0.4140 | अशोक कुमार, गंगा सिंह, खजान सिंह, रोहन सिंह पुत्रगण केदार सिंह, मोहन सिंह पुत्र भवानी सिंह |
| | | | 686 | निजी | कृषि | 0.7020 | रमेशचन्द, सुरेशचन्द पुत्रगण सम्पतिराम, ग्या प्रसाद पुत्र सुम्मेर सिंह, समीउद्दीन पुत्र अब्दुल रसीद, कारेलाल पुत्र रामदयाल |
| | | | 497 | निजी | कृषि | 0.2680 | रमेशचन्द, सुरेशचन्द, दिनेशचन्द, पुत्रगण सम्पतिराम, श्रीमती कमला देवी पत्नी सम्पत्तिराम, कारेलाल पुत्र रामदयाल, सुन्दरीलाल, रमेशचन्द पुत्रगण मोतीराम, नीरज कुमार ना.बा. उम्र 11 साल, नील कुमार ना.बा. उम्र 8 साल पुत्रगण बनवारीलाल, सुमित्रा देवी पत्नी परताप सिंह, श्रीमती भूरी देवी पत्नी मलिखान सिंह, पुन्नी पुत्र तुरसी, कालीचरन पुत्र धनीराम, रामभरोसी, अंकित कुमार ना.बा. उम्र क्र. 8 व 5 वर्ष सं. व वली ओमवती माता स्वयं पुत्रगण मौहर सिंह, श्रीमती ओमवती पत्नी स्व0 मौहर सिंह |

Part-II

ग्राम- लधऊ मुस्तकिल (18)
तह- टूण्डला
जिला- फिरोजाबाद



Asstt. Project Manager/Engg.
DFCCIL Ministry of Railway
Firozabad/Agra

सक्षम प्राधिकारी